RNI No. MAHHIN/2008/24974, Postal Regd No. MCS-206/2025-27, License to post without payment **MR/Tech/WPP-287/South/2025-27**
Post at Mumbai Patrika Channel Stg. Office, Mumbai G.P.O., Mumbai- 01. Posting Date : 14-15 Every Month, Publishing Date : 14 Every Month

# आभूषण टाइम्स

वर्ष : 19 | अंक : 08 | अक्टूबर 2026 | मासिक | पृष्ठ : 44 | मूल्य : ₹50

## गोल्ड थोड़ा नीचे उतरकर फिर ऊपर की राह पकड़ेगा

चीन की अंधाधुंध खरीदी ने गोल्ड को मजबूती दी

## सिल्वर फिर 4 लाख पार की उम्मीद का सच

साल भर में सिल्वर फिर आगे बढ़ता दिख सकता है

COVER PICTURE BY:
Ansaa Jewellers (P) Ltd.


SHANTI
GOLD
International Ltd.
Be Unique, Be Special,
Be Pretty...
Andheri East
+91 9819514517 | order@shantigold.in | www.shantigold.in

GM
SWITCH TO A BETTER WORLD
THE ULTIMATE
BREEZY COMFORT
ELEGANT CENTRE LIGHT
PREMIUM MOTOR JACKET
STYLISH BLADE TRIMS
Remote
AERO360
CEILING FAN PLUS
Introducing Aero360 Plus Ceiling Fan with Remote Control, combining modern technology with sleek design. This energy-efficient fan features a powerful & advanced BLDC motor that reduces energy consumption while delivering exceptional cooling performance. The remote control allows you to adjust speed and settings effortlessly, adding convenience to your daily life. With whisper-quiet operation and contemporary aesthetics, this fan is the perfect addition to modern interiors.
Modular Switches • Touch Switches • Wi-Fi Switches • Home Automation Solutions • Bluetooth Music System
Video Door Phones • LED Lighting • Wires & Cables • PVC Pipes & Fittings • DBs, MCBs & RCCBs • Fans & Appliances
www.gmmodular.com | info@gmmodular.com |

# गोल्ड व सिल्वर में ठहराव से ज्वेलरी सेल में आशा की किरण

इंडियन ज्वेलरी इंडस्ट्री में मारवाड़ी और गुजराती बिजनेसमैन सहित दक्षिण भारतीय ज्वेलरी कंपनियों का सदा से दबदबा रहा है। यह इंडस्ट्री ज्वेलरी की परंपरा, कला और निवेश के मजबूत त्रिकोण पर टिकी रही है। जब-जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल होती है, तब-तब इंडियन ज्वेलरी मार्केट एक नई दिशा और मजबूती के साथ निखर कर सामने आता है। मौजूदा परिदृश्य भी इससे अछूता नहीं है। एक तरफ वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीतियों के कारण गोल्ड की वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में स्थिरता और आगामी त्यौहारी व वेडिंग सीजन ने ज्वेलरी व्यवसायियों के चेहरे पर राहत और उत्साह की मुस्कान बिखेर दी है। इस समय इंडियन ज्वेलरी बाजार में गोल्ड 1.50 लाख के आसपास स्थिर है, सिल्वर के रेट्स में कम ज्यादा होने के बावजूद स्थिरता का दौर है, और त्यौहारी एवं वेडिंग सीजन की खरीदारी का खुलना देखा जाना, एक साथ हो रहा है।

वैश्विक स्तर पर गोल्ड लगातार एक सुरक्षित निवेश के रूप में अपनी धाक जमाए हुए है, इसी कारण मुंबई के ज्वेलरी बाजार में भी ज्वेलरी की सेल गोल्ड के 1.50 लाख के आसपास होने के बावजूद धीमी ही सही, लेकिन चल रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड में, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में बदलाव की संभावनाओं, मुद्रास्फीति के दबाव और विभिन्न देशों के मध्य पूर्व व यूरोप में लगातार बढ़ते जा रहे युद्ध के तनावों के कारण अंतरराष्ट्रीय बुलियन मार्केट में गोल्ड की कीमतों में खासी खरीदी देखी गई है। आम तौर पर, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड के दाम आसमान छूते हैं, तो इंडियन उपभोक्ताओं में तात्कालिक हिचकिचाहट के साथ खरीदी बढ़ती है। हालांकि, भारत का ज्वेलरी बाजार दुनिया के अन्य हिस्सों से अलग व्यवहार करता है। यहां गोल्ड केवल एक ज्वेलरी नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा का एक ठोस आधार भी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचे दामों के बावजूद, इंडियन बाजार ने खुद को बहुत तेजी से इस बदलाव के अनुकूल ढाला है।

गोल्ड की तरह ही सिल्वर के रेट में थोड़ी बहुत कम ज्यादा उतार चढ़ाव होने के बावजूद स्थिरता देखी जा रही है, लेकिन धीरे-धीरे बढ़त की उम्मीद में बाजार मजबूत होता दिख रहा है। सिल्वर हमेशा से इंडियन मध्यम वर्ग और युवा खरीदारों का पसंदीदा मेटल रहा है। हाल के वर्षों में इसके अत्यधिक उतार-चढ़ाव ने निवेशकों को थोड़ा सतर्क कर दिया था। लेकिन सिल्वर ज्वेलरी की चमक लगातार बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में सिल्वर के दाम स्थिर होने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। सिल्वर के रेट्स में आई इस स्थिरता का सीधा सकारात्मक असर सिल्वर ज्वैलरी और सिल्वर मार्केट पर पड़ा है। बाजार का सिद्वांत है कि जब ग्राहकों को यह विश्वास हो जाता है कि कीमतें अचानक नीचे नहीं गिरेंगी और धीरे-धीरे ऊपर की ओर बढ़ेंगी, तो उनका खरीदी को लेकर जो विश्वास है, वह बढ़ जाता है। सिल्वर के बर्तन, कॉरपोरेट गिफ्टिंग और 925 स्टर्लिंग सिल्वर ज्वेलरी के सेगमेंट में अब ज्वेलर्स की ऑर्डर बुक तेजी से भर रही है। युवा पीढ़ी सिल्वर को अफोर्डेबल लग्जरी के रूप में देख रही है। सिल्वर की स्थिर दरों ने रिटेलर्स को भी अपना स्टॉक बढ़ाने और नए कलेक्शंस में निवेश करने का आत्मविश्वास दिया है।

हमारे देश में त्यौहारी व वेडिंग सीजन की शिरूआत के साथ ही ज्वेलरी में सेल और रिटेल बूम की नई शुरुआत देखी जाती है। इंडियन ज्वेलरी कैलेंडर का सबसे बहुप्रतीक्षित समय होता है त्यौहारी और वेडिंग सीजन। गणेशोत्सव के समापन के साथ ही यह सीजन अब पूरी तरह से खुल चुका है। नवरात्री, धनतेरस, दिवाली, भाई दूज, करवाचौथ और इसके तुरंत बाद शुरू होने वाली (विवाह की तिथियां हमेशा से इंडियन ज्वेलरी इंडस्ट्री की ताकत रहे हैं। ज्वेलरी सेक्टर में, इस वर्ष मांग का स्वरूप कुछ विशेष रहने की संभावना देखी जा रही है। पिछले कुछ समय से रुकी हुई या स्थगित की गई ज्वेलरी की खरीदारी अब एक साथ रिटेल काउंटरों पर उमड़ सकती है। ज्वेलरी ब्रांड्स और पारंपरिक पारिवारिक ज्वेलर्स ने त्यौहार तथा वैगिंड सीजन के इस ग्राहकी के अवसर पर वैडिंग ज्वेलरी में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर मेल देखा जा रहा है। एंटीक, फिनिश, पोलकी, और कुंदन के साथ-साथ रंगीन रत्नों से सजी ज्वेलरी की भारी मांग संभव है।

मुंबई के अनेक ज्वेलर्स से चर्चा करने पर साफ लगता है कि आज की इंडियन ज्वेलरी इंडस्ट्री एक बेहद ही परिपक्व और प्रगतिशील मोड़ पर खड़ी है। वैश्विक स्तर पर गोल्ड की ऊंची व अनिश्चित कीमतें अब इंडस्ट्री के लिए बाधा नहीं, बल्कि एक नया अवसर बन चुकी हैं, जिसने ज्वेलर्स को अधिक पारदर्शी और ज्वेलरी प्रोडक्ट्स में कुछ नयापन लाने पर मजबूर किया है। सिल्वर के रेट्स में स्थिरता ने ज्वेलरी बाजार को एक अतिरिक्त मजबूती प्रदान देने की कोशिश की है, और त्यौहारी व वेडिंग की उमंग ने रिटेल बिक्री के नए दरवाजे खोल दिए हैं। ज्वेलरी रिटेलर्स और निर्माताओं के लिए हमारा यही संदेश है कि यह समय केवल पारंपरिक रणनीति पर टिके रहने का नहीं है, बल्कि डिजिटल मार्केटिंग, हॉलमार्किंग और प्योरिटी के भरोसे का साथ, ग्राहकों की पसंद के डिजाइन ही इस सीजन में आपकी सफलता का मुख्य आधार बनेंगी। त्यौहारी एवं वेडिंग सीजन के कारण बाजार में ग्राहकी खुलते ही, ज्वेलर्स का उत्साह सकारात्मक बढ़ा है और ग्राहकी के अवसर दिख रहे हैं।



"हमारे देश में त्यौहारी व वेडिंग सीजन की शिरूआत के साथ ही ज्वेलरी में सेल और रिटेल बूम की नई शुरुआत देखी जाती है। इंडियन ज्वेलरी कैलेंडर का सबसे बहुप्रतीक्षित समय होता है त्यौहारी और वेडिंग सीजन। गणेशोत्सव के समापन के साथ ही यह सीजन अब पूरी तरह से खुल चुका है। नवरात्री, धनतेरस, दिवाली, भाई दूज, करवाचौथ और इसके तुरंत बाद शुरू होने वाली (विवाह की तिथियां हमेशा से इंडियन ज्वेलरी इंडस्ट्री की ताकत रहे हैं। ज्वेलरी सेक्टर में, इस वर्ष मांग का स्वरूप कुछ विशेष रहने की संभावना देखी जा रही है।"

सिद्धराज लोढ़ा

Shringar ©
HOUSE OF MANGALSUTRA

YOUR TRUSTED
JEWELLERY MANUFACTURING
PARTNER SINCE 1963

# MORE

DESIGNS. CHOICES. TO SELL.

## From timeless **Mangalsutras** to modern **Gold Jewellery**, a range made for diverse retail demand

FOLLOW US

**SHRINGAR HOUSE OF MANGALSUTRA LIMITED**
MUMBAI | DELHI | PUNE

FOR READY STOCK SELECTION PLEASE VISIT www.shringarms.com

**संपादक**
सिद्धराज लोढ़ा

**प्रबंध संपादक**
राकेश लोढ़ा

**सह संपादक**
अखिल लोढ़ा
कुणाल लोढ़ा

**डिजाइन**
रवि गोरुले
कमलाकर तावडे

**प्रिन्टर**
प्रतिक ऑफसेट, मुंबई

**सेल्स एवं ऑफिस प्रबंधक**
सुरेश बोर्ले
हरिशंकर लोधी



**आभूषण टाइम्स**

407, कालबादेवी रोड,
दौलत भवन, दुसरा माला,
ऑफिस नं. 203 मुंबई - 400 002.

Tel.: 022-2201 7091 / 022-2240 0338
E:mail:. aabhusantimes@gmail.com
Visit on us:. www.aabhusantimes.com



# आभूषण टाइम्स

मासिक

**भारत की नंबर वन ज्वेलरी बिजनेस मैगजीन**

वर्षः 19 | अंकः 08 | अक्टूबर 2026



04 गोल्ड व सिल्वर में ठहराव से ज्वेलरी सेल में आशा की किरण

08 गोल्ड थोड़ा नीचे उतरकर फिर ऊपर की राह पकड़ेगा
*चीन की अंधाधुंध खरीदी ने गोल्ड को मजबूती दी*

12 GJEPC ने लॉन्च किया 'उन्नति'
महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने की पहल

13 रॉयल चैन का 1,000 करोड़ का आईपीओ लाने की तैयारी
दो वर्षों में कारोबार दोगुने से अधिक बढ़ा

18 चीन कैसे बना 'गोल्ड सुपरपावर'?
निकाल रहा दुनिया में सबसे ज्यादा सोना

26 सिल्वर फिर 4 लाख पार की उम्मीद का सच
साल भर में सिल्वर फिर आगे बढ़ता दिख सकता है

38 जीजेएस 2026 का 10वां संस्करण संपन्न



मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक लोढ़ा सिद्धराज सोहनराजजी द्वारा फ्लॅट नं. 702, 7वां माला, प्राइम रोज, स्वरूप को.हॉ.सोसायटी, अंधेरी (वेस्ट), मुंबई-400058, 407 कालबादेवी रोड, दौलत भवन, दूसरा माला, ऑफिस नं. 203, मुंबई - 400002, से प्रकाशित कर प्रतिक ऑफसेट, 180 सी, गायवाडी, कर्नाक कंपाउंड, गिरगांव, मुंबई 400004 से मुद्रित। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र मुंबई रहेगा।

SHUBH
DEEPAVALI
from
LAXMI
DIAMONDS
BENGALURU
The house of closed setting
diamond jewellery
May Maa Lakshmi bless your home with abundance
and every beginning with light.
Sent with the devotion we craft
into every closed setting
CORPORATE OFFICE
Laxmi Diamonds
# 97, 5th cross, Malleswaram,
Bangalore 560003
+91 93808 88030,
+91 93229 41537
www.laxmidiamonds.com
laxman.salesmkt@laxmidiamonds.com
A UNIT OF LAXMI IMPERIAL PVT LTD

# गोल्ड थोड़ा नीचे उतरकर फिर ऊपर की राह पकड़ेगा

## चीन की अंधाधुंध खरीदी ने गोल्ड को मजबूती दी

राकेश लोढ़ा

भारतीय अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने में गोल्ड का स्थान सदा से सबसे ऊपर रहा है। गोल्ड केवल एक ज्वेलरी या सौंदर्य का प्रतीक मात्र नहीं है, बल्कि यह संकट के समय काम आने वाला एक सबसे सुरक्षित वित्तीय कवच माना जाता है। वर्तमान समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल, भू-राजनीतिक तनाव, मुद्रास्फीति का दबाव और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। इन वैश्विक उतार-चढ़ावों का सीधा प्रभाव भारतीय बुलियन बाजार पर दिखाई दे रहा है। हाल के समय में भारतीय बाजार में गोल्ड की दरें अभूतपूर्व ऊंचाई पर पहुंचकर लगभग 1.50 लाख प्रति 10 ग्राम के आसपास स्थिर बनी हुई हैं। इस अभूतपूर्व मूल्य वृद्धि के बाद आई स्थिरता के पीछे केवल घरेलू हालात जिम्मेदार नहीं है, बल्कि इसके तार वैश्विक केंद्रीय बैंकों की आक्रामक खरीदारी, अमेरिका की ब्याज दर नीतियों, क्रुड ऑयल की बढ़ती कीमतों तथा डॉलर के मुकाबले रुपये में आने वाले उतार-चढ़ाव से जुड़े हुए हैं।

गोल्ड के वर्तमान परिदृश्य और भविष्य के रुझानों का गहराई से विश्लेषण करें, तो इसमें इस बात की पड़ताल करना जरूरी है कि आने वाले एक वर्ष में भारतीय बाजार में गोल्ड कहां तक जा सकता है, चीन और अन्य वैश्विक बैंक क्यों तेजी से गोल्ड जमा कर रहे हैं, अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इस पर क्या प्रभाव है और त्योहारी व वैडिंग सीजन में आम भारतीय खरीदारों पर गोल्ड की इस रिकॉर्ड महंगाई का क्या असर पड़ रहा है। वैश्विक आर्थिक समीकरणों और भारतीय रुपये की

**गोल्ड का वर्तमान परिदृश्य एक बड़े ऐतिहासिक बदलाव की गवाही दे रहा है। क्योंकि गोल्ड अब एक वैश्विक रणनीतिक परिसंपत्ति बन चुका है। दुनिया भर में जो हालात हैं, उनको देख कर आंकलन किया जा रहा है कि आने वाले कुछ ही समय में गोल्ड 1.60 लाख प्रति 10 ग्राम के स्तर पर जा सकता है।**

एक्सचेंज रेट को देखते हुए बाजार के विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले एक वर्ष में गोल्ड की कीमतें भारतीय बाजार में और रिकॉर्ड बना सकती हैं। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भू-राजनीतिक परिस्थितियां बनी रहती हैं और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नरमी का रुख जारी रहता है, तो भारतीय बाजार में 24 कैरेट गोल्ड 1.50 लाख के मौजूदा स्तर को पार करते हुए अगले साल भर में 1.65 लाख से 1.75 लाख प्रति 10 ग्राम तक के स्तर को छू सकता है। बाजार के जानकार बताते हैं कि गोल्ड के इस सीमा तक महंगे होने का सीधा असर आम भारतीय उपभोक्ता की खरीद क्षमता पर पड़ेगा। जब गोल्ड के दाम इस तरह की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचते हैं, तो कुल खरीद का वजन या मात्रा घट जाती है। उपभोक्ता अब भारी और पारंपरिक ज्वेलरी की जगह लाइटवेट और 18 या 14 कैरेट ज्वेलरी को प्राथमिकता देने लगे हैं। मध्यम वर्ग के लिए भारी शादी-ब्याह की खरीदारी करना एक बड़ी चुनौती बन गया है, जिससे लोग अब पुराने गोल्ड को नए डिजाइनों में बदलने के लिए रीसाइक्लिंग हेतु बाजार में लाने का का विकल्प चुन रहे हैं। हालांकि, मूल्य के दृष्टिकोण से बाजार में टर्नओवर बना रहेगा, क्योंकि जो लोग गोल्ड को एक मजबूत संपत्ति मानते हैं, वे थोड़ी-थोड़ी मात्रा में निवेश के तौर पर गोल्ड खरीदना जारी रखेंगे।

पिछले कई हफ्तों से भारतीय बाजार में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1.50 लाख प्रति 10 ग्राम के इर्द-गिर्द ठहरा हुआ दिख रहा है। इस स्थिरता के पीछे प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय संतुलन है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गोल्ड के दाम जहां उच्च स्तरों पर पहुंचे हैं, वहीं ऊपर के स्तरों पर निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली भी देखी जा रही है। जब भी अंतरराष्ट्रीय भाव में बहुत अधिक तेजी आती है, तो बड़े वित्तीय संस्थान और निवेशक अपना मुनाफा भुनाने लगते हैं, जिससे कीमतें रुक जाती हैं। दूसरा बड़ा कारण भारतीय रुपये और अमेरिकी डॉलर के बीच का विनिमय दर संतुलन है। रुपये में आंशिक स्थिरता और भारत सरकार द्वारा आयात शुल्क में पिछले दौर में किए गए समायोजनों के कारण घरेलू कीमतें एक दायरे में बंद हो गई हैं। इसके अलावा, घरेलू बाजार में इस समय मांग और आपूर्ति के बीच एक संतुलन कायम हो गया है।

लगभग 1.50 लाख के मनोवैज्ञानिक स्तर पर न तो खरीदार एकदम गायब हुए हैं और न ही बहुत आक्रामक खरीदारी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लेकर आने वाले स्पष्ट संकेतों का बाजार इंतजार कर रहा है। जब तक कोई बड़ा वैश्विक घटनाक्रम नहीं होता, तब तक बाजार इसी संकीर्ण दायरे में स्थिर बना हुआ है।

विश्वभर के केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडारों को विविधता प्रदान करने और अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर गोल्ड का भंडारण कर रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, भारत, तुर्की, पोलैंड, कतर, चीन और सिंगापुर जैसे देश अपने रिजर्व में गोल्ड का हिस्सा लगातार बढ़ा रहे हैं। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के दौर में गोल्ड ही एकमात्र ऐसी संपत्ति है जो किसी अन्य देश की देनदारी से पूरी तरह मुक्त है। गोल्ड की खरीदी के मामले में, इन सब देशों में चीन का केंद्रीय बैंक (पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना) सबसे आगे है और पिछले दो वर्षों से लगातार बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी कर रहा है। चीन द्वारा रिकॉर्ड मात्रा में गोल्ड खरीदे जाने के पीछे प्रमुख रणनीतिक कारण हैं। पहली बात, अमेरिका के साथ जारी व्यापारिक व रणनीतिक तनाव के कारण चीन अपने विदेशी मुद्रा भंडार में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी घटाकर अपनी अर्थव्यवस्था को अमेरिकी प्रतिबंधों के जोखिम से सुरक्षित करना चाहता है। दूसरी बात, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जिस तरह पश्चिमी देशों ने रूस की डॉलर परिसंपत्तियों को फ्रीज किया, उससे चीन ने यह सीख ली कि अपनी संपत्ति को देश के भीतर सुरक्षित रखने का सबसे बेहतर तरीका गोल्ड ही है। इसके अलावा, चीन के घरेलू रियल एस्टेट और शेयर बाजार में नरमी के कारण वहां के आम नागरिक भी सुरक्षा के लिए गोल्ड को बड़े पैमाने पर खरीद रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर देखें, तो गोल्ड की वैश्विक चाल को तय करने में अमेरिकी अर्थव्यवस्था, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति और यूएस ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड की सबसे अहम भूमिका होती है। ऐतिहासिक रूप से गोल्ड और अमेरिकी डॉलर तथा बॉन्ड यील्ड के बीच विपरीत संबंध रहा है। जब अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची होती हैं और बॉन्ड यील्ड मजबूत होती है, तो निवेशक बिना ब्याज देने वाले गोल्ड की तुलना में डॉलर आधारित सरकारी बॉन्ड में पैसा लगाना पसंद

**मुकेश सेठ**
शांति एस सेठ ज्वेलर्स

भारत में गोल्ड भले ही 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम की दरों पर आम उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ता लग रहा हैं, और ये हालात गोल्ड की बिक्री के वजन में भले ही कमी ला रहे हैं, लेकिन गोल्ड के प्रति भारतीयों का विश्वास रत्ती भर भी कम नहीं हुआ है।

करते हैं। हालांकि, जब अमेरिका की अर्थव्यवस्था में नरमी या मंदी के संकेत मिलते हैं और वहां का केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती का चक्र शुरू करता है, तो बॉन्ड यील्ड में गिरावट आती है। ऐसी स्थिति में डॉलर कमजोर होता है और गोल्ड एक सुरक्षित और आकर्षक विकल्प बनकर उभरता है। यदि अमेरिका में आने वाले समय में मुद्रास्फीति के दबाव के कारण ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रखा जाता है या उनमें बढ़ोतरी की जाती है, तो गोल्ड की कीमतों में कुछ समय के लिए अस्थाई दबाव या गिरावट देखने को मिल सकती है। लेकिन यदि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती आती है और ब्याज दरों में कटौती होती है, तो यह स्थिति गोल्ड की कीमतों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई तेजी लाने का

**वैश्विक स्तर पर बढ़ती आर्थिक अनिश्चितताओं, अमेरिका की मौद्रिक नीति में बदलाव की आहट, विभिन्न देशों के बीच चल रहे युद्ध के भू-राजनीतिक संकटों और चीन जैसे शक्ति शाली देशों द्वारा की जा रही अंधाधुंध खरीदारी ने गोल्ड को एक नई ऊंचाई और मजबूती प्रदान की है। माना जा रहा है कि इसके नीचे उतरने के आसार अब लगभग समाप्त ही है।**

मुख्य कारण बनेगी। दुनिया में जब भी युद्ध या राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बनता है, तो दुनिया भर के निवेशक इक्विटी और अन्य जोखिम भरे संपत्तियों से पैसा निकालकर गोल्ड की ओर रुख करते हैं। इस सेफ हेवन डिमांड ने गोल्ड की कीमतों को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आधार दिया है। दूसरी ओर, क्रूड ऑयल की कीमतों का भी गोल्ड पर गहरा और दोहरा प्रभाव पड़ता है। जब कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ते हैं, तो इससे दुनिया भर में आयात लागत बढ़ जाती है, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति जन्म लेती है। गोल्ड मुद्रास्फीति के खिलाफ एक बेहतरीन सुरक्षा कवच माना जाता है, इसलिए क्रूड की महंगाई से गोल्ड की मांग बढ़ती है। हालांकि, इसका दूसरा पहलू यह भी है कि जब क्रुड ऑयल महंगा होता है, तो भारत जैसे प्रमुख तेल आयातक देशों का व्यापार घाटा बढ़ता है और रुपया कमजोर होता है। रुपया कमजोर होने से भारत में आयातित गोल्ड अपने आप महंगा हो जाता है, जिससे घरेलू बाजार में गोल्ड के भाव पर ऊपर की ओर दबाव और ज्यादा बढ़ जाता है।

सन 2026 का हाल देखें, तो इस वर्ष बाजार एक बहुत ही संवेदनशील मोड़ पर खड़ा है। फिर भी बाजार में त्योहारी और शादी-ब्याह की शुरुआती खरीदारी खुली है, लेकिन ग्राहकों का रुख बेहद सतर्क है। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए गोल्ड के रेट्स में 1.50 लाख का स्तर एक बड़ा मनोवैज्ञानिक मोड़ बन चुका है। यदि आने वाले दिनों में गोल्ड के रेट्स इसी 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास स्थिर बने रहते हैं, तो बाजार में धीरे-धीरे खरीदारी का दायरा बढ़ेगा। उपभोक्ता गोल्ड के रेट्स की इस नई वास्तविकता को स्वीकार कर लेंगे और बजट के अनुसार मात्रा को समायोजित करके खरीदारी जारी रखेंगे। देश के बड़े बड़े और नामी ज्वेलर्स भी मेकिंग चार्ज पर छूट, लाइटवेट कलेक्शंस और गोल्ड एक्सचेंज स्कीमों के जरिए ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। लेकिन, यदि अंतरराष्ट्रीय कारणों से गोल्ड अचानक और महंगा होकर 1.60 लाख या उससे ऊपर निकल जाता है, तो त्योहारी और वैवाहिक सीजन की तात्कालिक रिटेल बिक्री में थोड़ी सी गिरावट आ सकती है। ऐसी स्थिति में आम ग्राहक अपनी खरीदारी को टाल सकते हैं या केवल अत्यावश्यक खरीदी तक ही सीमित रख सकते हैं।

**सुरेश के. शाह**
एस खिमराज ज्वेलर्स

आने वाले समय में गोल्ड की दरों में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव आ सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक ट्रेंड मजबूती का ही संकेत देता है। भारतीय ज्वेलरी उद्योग और उपभोक्ताओं, दोनों को ही अब इस नई मूल्य वास्तविकता के साथ तालमेल बिठाकर अपनी योजनाओं को नया आकार देना होगा।

**हसमुख कोठारी**
एचएमटी ऑर्नामेंट्स

वर्तमान में त्योहारी सीजन का माहौल है। ग्राहकी चलेगी, क्योंकि रक्षाबंधन, गणेशोत्सव के साथ ही नवरात्री, दशहरा, धनतेरस, दिवाली, भाई दूज, लाभ पंचमी और उसके बाद शुरू होने वाला वैवाहिक सीजन ज्वेलरी इंडस्ट्री के लिए पूरे साल का सबसे बड़ा व्यावसायिक दौर होता है।

**भाविक साकरिया**
एलिझा डायमंड्स

गोल्ड के मामले में, एक खास बात यह है कि दुनिया भर में जारी भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से मिडिल ईस्ट में खाड़ी देशों के संघर्ष और यूरोप सहित रुस व युक्रेन में चल रहे युद्ध ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है, अतः गोल्ड सस्ता हो ही नहीं सकता।

# SILVERIO

## Silverio Artesa Pvt. Ltd.

The Finest Quality in 92.5 Silver Jewellery

Shop. 220/224,2, 2nd floor, Harbilas Building, Kalbadevi Road, Opp. Abhinandan Market, Near G9 Clothing, Mumbai-400002
Office: 022- 49701485, 9867271456 +91-910780-0700

R Kothari Jewellers Pvt. Ltd.

81, Chandra Darshan Building, Office No. 10, 3rd Floor, Dhanji Street, Zaveri Bazar, Mumbai-400 003
022 61834463 / 61834783 +91 7738274115 | I.com : 4463 / 4783
e-Mail : rkotharijewels@gmail.com | Website : www.rkotharijewels.com

# GJEPC ने लॉन्च किया 'उन्नति' महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने की पहल

सूरत। जेम एंड 'वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (GJEPC) ने सूरत के सरदार पटेल स्मृति भवन में 'UNNATI – Powering Women in Gems & Jewellery' राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी मुख्य अतिथि और राज्यसभा सांसद गोविंद ढोलकिया सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली, गुजरात रीजनल चेयरमैन जयंतिभाई सवेलिया, अनिल विरानी, आशीष बोरदा, सेवंतिभाई शाह, मुकेश पटेल, सब्यसाची रे और फोरम मारफतिया सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में 1,100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। पहले चरण में 200 महिलाओं को विभिन्न स्किलिंग कोर्स से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। UNNATI का उद्देश्य महिलाओं को कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराना है तथा यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के Viksit Bharat @ 2047 विजन के अनुरूप वर्ष 2040 तक जेम एवं ज्वेलरी निर्यात को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करेगा। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि इस पहल को सूरत से आगे गुजरात के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने अगले वर्ष 10,000 महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य रखने तथा सफल महिलाओं को अन्य महिलाओं के लिए रोल मॉडल बनने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद गोविंद ढोलकिया ने महिलाओं से आगे बढ़कर जोखिम लेने, अपना व्यवसाय खड़ा करने और उद्योग में नेतृत्व की भूमिका निभाने का आह्वान किया। जीजेईपीसी चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा कि 100 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं की प्रतिभा, कौशल और नेतृत्व का पूरी तरह उपयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि UNNATI महिलाओं को भागीदारी से नेतृत्व और रोजगार से उद्यमिता की ओर ले जाने का महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर 1,000 महिला रत्नकारों को Ratnakalar Parichay Card के साथ 1 लाख तक का निःशुल्क मेडिकल इंश्योरेंस देने की घोषणा भी की गई। जीजेईपीसी गुजरात रीजनल चेयरमैन जयंतिभाई सवेलिया ने कहा कि UNNATI के माध्यम से महिलाओं को सीखने, कौशल बढ़ाने और नेतृत्व करने के अवसर दिए जाएंगे। वहीं आशीष बोरदा ने कहा कि यह पहल महिलाओं को कौशल, नेटवर्क और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराएगी। UNNATI के तहत Inspire & Engage, Develop & Empower, Connect & Collaborate, Enable & Accelerate और Transform & Lead पांच प्रमुख स्तंभ तय किए गए हैं। कार्यक्रम में UNNATI अवॉर्ड के तहत कंपनियों और महिला उपलब्धिकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

# रॉयल चैन का 1,000 करोड़ का आईपीओ लाने की तैयारी दो वर्षों में कारोबार दोगुने से अधिक बढ़ा

मुंबई। मुंबई स्थित बी2बी ज्वेलरी निर्माता रॉयल चैन ने लगभग 1,000 करोड़ का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कंपनी ने 28 सितंबर 2026 को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। प्रस्तावित आईपीओ के माध्यम से कंपनी अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने, कर्ज कम करने और कारोबारी जरूरतों को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाना चाहती है।

प्रस्तावित आईपीओ में 850 करोड़ तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि मौजूदा प्रमोटरों की ओर से 150 करोड़ तक के शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत बेचे जाएंगे। नए शेयरों से प्राप्त शुद्ध राशि में से 650 करोड़ कंपनी के कर्ज के भुगतान के लिए इस्तेमाल करने का प्रस्ताव है। कंपनी पर अलग-अलग आधार पर दर्ज बकाया उधारी 820.4 करोड़ बताई गई है। शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों के लिए किया जाएगा।

ROYAL CHAIN LIMITED

मनीष जैन

### दो वर्षों में कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि

रॉयल चैन ने पिछले दो वित्तीय वर्षों में कारोबार और मुनाफे के मामले में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 में 2,350.58 करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 4,732.45 करोड़ हो गया। इस अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 27.36 करोड़ से बढ़कर 173.34 करोड़ पहुंच गया, यानी मुनाफे में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का परिचालन राजस्व 3,617.2 करोड़ रहा था, जो अगले वित्त वर्ष में 30.8 प्रतिशत बढ़कर 4,732.45 करोड़ हो गया। इसी अवधि में शुद्ध लाभ 63.3 करोड़ से बढ़कर लगभग 173.3 करोड़ हो गया। कंपनी के लाभ मार्जिन में भी सुधार हुआ है। सकल लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2023-24 के 4.62 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 7.84 प्रतिशत हो गया। वहीं, ईबीआईटीडीए मार्जिन 2.71 प्रतिशत से बढ़कर 6.09 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### महापे में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा

रॉयल चैन की नवी मुंबई के महापे में एकीकृत ज्वेलरी विनिर्माण इकाई है, जिसकी स्थापित वार्षिक उत्पादन क्षमता 12,000 किलोग्राम है। कंपनी के पास 27,000 से अधिक सक्रिय डिजाइन हैं और इसकी इन-हाउस डिजाइन टीम ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप नए आभूषण विकसित करती है। कंपनी ओरिजिनल डिजाइन मैन्युफैक्चरिंग (ओडीएम) मॉडल पर काम करती है। इसके अंतर्गत डिजाइन तैयार करने, विनिर्माण और तकनीक को एकीकृत कर संगठित रिटेल ज्वेलरी कंपनियों के लिए आभूषणों का निर्माण किया जाता है। कंपनी का प्रमुख फोकस गोल्ड चेन और अन्य सोने के आभूषणों पर है।

### देश की प्रमुख ज्वेलरी कंपनियां ग्राहक

रॉयल चैन के ग्राहकों में टाइटन कंपनी, कल्याण ज्वेलर्स इंडिया, पी. एन. गाडगिल ज्वेलर्स, सेनको गोल्ड, कलामंदिर ज्वेलर्स, थंगमयिल ज्वेलरी और डीपी अभूषण जैसी प्रमुख संगठित ज्वेलरी कंपनियां शामिल हैं। संगठित रिटेल क्षेत्र में बढ़ती मांग कंपनी के कारोबार विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्थागत ग्राहकों से मिलने वाला कारोबार भी कंपनी की वृद्धि का प्रमुख आधार बना है। वित्त वर्ष 2023-24 में संस्थागत ग्राहकों से प्राप्त राजस्व 131.03 करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 322.99 करोड़ हो गया। इस अवधि में संस्थागत कारोबार की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 57.02 प्रतिशत रही।

### ज्वेलरी बाजार में विस्तार की बड़ी संभावनाएं

डीआरएचपी में टीकेसी रिपोर्ट के हवाले से दिए गए अनुमानों के अनुसार, भारत का कुल ज्वेलरी बाजार वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 7,77,840 करोड़ का था। इसके वित्त वर्ष 2030-31 तक बढ़कर लगभग 15,47,970 करोड़ होने का अनुमान है। इसी तरह, बी2बी ज्वेलरी विनिर्माण बाजार का आकार वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 5,81,850 करोड़ आंका गया है, जिसके वित्त वर्ष 2030-31 तक बढ़कर लगभग 11,33,360 करोड़ होने की संभावना जताई गई है।

संगठित ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र के विस्तार से विशेषीकृत विनिर्माण कंपनियों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। ऐसे में रॉयल चैन का प्रस्तावित आईपीओ कंपनी की उत्पादन क्षमता, डिजाइन और तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने तथा वित्तीय स्थिति में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हालांकि, प्रस्तावित आईपीओ सेबी की मंजूरी और अन्य लागू नियामकीय एवं वैधानिक शर्तों के अधीन है।

SANGAM HOUSE OF JEWELS LLP

Swarn House, 3rd Floor, 17/19 Dhanji Street, Zaveri Bazaar, Mumbai, 400003

+91 99200 33377

Follow us on

The House of SILVER EMPORIUM
SILVER . GOLD . DIAMONDS
SILVER EMPORIUM
silveremporium.in
GIRVÁAN
A STORY of GOLD
DIARAH
JEWELS
Fine Diamond Jewellery
TARAVA
MOMENTS IN SILVER
tarava.in
SILVER EMPORIUM . 232/234, Chamber Bhavan, 1st Floor, Kalbadevi Road, Mumbai - 400002. info@silveremporium.in
Mumbai - Jaipur - Hyderabad - Chennai - Bengaluru

# सिल्वर एम्पोरियम को 'सिल्वर मैन्युफैक्चरर ऑफ द ईयर' अवार्ड

मुंबई। देश के प्रतिष्ठित सिल्वर मैन्युफैक्चरिंग ब्रांड सिल्वर एम्पोरियम को 'सिल्वर मैन्युफैक्चरर ऑफ द ईयर' के प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की पहल के तहत प्रदान किया गया। सिल्वर एम्पोरियम की ओर से कंपनी के निदेशक राहुल मेहता ने यह सम्मान ग्रहण किया।

यह उपलब्धि सिल्वर एम्पोरियम की उत्कृष्ट कारीगरी, गुणवत्ता, विश्वसनीयता तथा भारतीय कला और डिजाइन की समृद्ध परंपरा को आधुनिक स्वरूप में आगे बढ़ाने के प्रयासों की महत्वपूर्ण पहचान है। कंपनी ने इस सम्मान को अपनी पूरी टीम, कुशल कारीगरों और वर्षों से जुड़े ग्राहकों एवं सहयोगियों को समर्पित किया है।

सिल्वर एम्पोरियम ने सिल्वर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं। कंपनी को 2023, 2024 और 2025 में लगातार तीन वर्षों तक 'India's Best Silver Manufacturer' के सम्मान से नवाजा जा चुका है। यह लगातार तीन वर्षों की उपलब्धि कंपनी की गुणवत्ता, उत्कृष्ट कारीगरी और सिल्वर निर्माण के क्षेत्र में निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन को दर्शाती है। कंपनी भारतीय कला, शिल्प और डिजाइन की विशिष्ट पहचान को संरक्षित रखते हुए आधुनिक जरूरतों और बदलते वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट सिल्वर उत्पाद तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सिल्वर एम्पोरियम की सफलता की इस यात्रा में संस्थापक कांतिलाल मेहता की दूरदर्शी सोच और विजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उनकी सोच ने कंपनी को केवल सिल्वर उत्पादों के निर्माण तक सीमित न रखते हुए भारतीय कला, परंपरा, उत्कृष्ट कारीगरी और आधुनिक डिजाइन के समन्वय की दिशा में आगे बढ़ाया। यही विजन आज भी सिल्वर एम्पोरियम की कार्यशैली और विकास यात्रा का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है। चार दशकों से अधिक की विरासत के साथ सिल्वर एम्पोरियम ने चांदी के आभूषणों के साथ-साथ पूजा सामग्री, घरेलू

कांतिलाल मेहता
संस्थापक

SILVER EMPORIUM

उपयोग की वस्तुओं, सिल्वर फर्नीचर, गिफ्ट आइटम, कॉइन-बार, स्मृति चिह्न तथा विभिन्न प्रीमियम सिल्वर उत्पादों के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। नया 'सिल्वर मैन्युफैक्चरर ऑफ द ईयर' सम्मान सिल्वर एम्पोरियम की गुणवत्ता, नवाचार, भारतीय कला के संरक्षण और उत्कृष्ट सिल्वर निर्माण के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को मिली एक और महत्वपूर्ण पहचान है।

ADN
THE MARK OF GUARANTEE & CREATION
Aradhana
JEWELLERS PVT. LTD.
WE HAVE RELOCATED
Expanding to serve you
better
Aradhana Jewellers Pvt. Ltd.
Office no. 201, 2nd Floor, ADN House, Bldg no. 157/165, Sheikh Memon Street, Zaveri Bazar, Mumbai - 400002.
Karan Surana - 9820604171 / Aryan Surana - 9820204171, Landline - 23405500 / 23475500, Intercom - 4148
eMail : aradhanajewellerspvtltd@gmail.com | www.aradhanajewellers.com

# सितंबर में रत्न एवं आभूषण निर्यात 9.43 प्रतिशत बढ़कर 2.95 अरब डॉलर पर पहुंचा

## पहली छमाही में कुल निर्यात 14.30 अरब डॉलर; जड़े हुए सोने के आभूषण और लैब-ग्रोन हीरों का प्रदर्शन बेहतर

मुंबई। भारत के रत्न एवं आभूषण उद्योग के निर्यात में सितंबर 2026 के दौरान सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (GJEPC) के अनुसार, सितंबर में भारत का कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले डॉलर के लिहाज से 9.43 प्रतिशत बढ़कर 2.95 अरब डॉलर (28,157.55 करोड़ रुपये) हो गया। सितंबर 2025 में यह आंकड़ा 2.70 अरब डॉलर था।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान कुल निर्यात 3.07 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14.30 अरब डॉलर (1,36,068.27 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। रुपये के लिहाज से इस अवधि में निर्यात में 13.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताओं और विभिन्न बाजारों की चुनौतियों के बावजूद निर्यात में यह वृद्धि उद्योग के लिए उत्साहजनक मानी जा रही है। जीजेईपीसी के चेयरमैन किरिट भंसाली ने कहा कि सितंबर में निर्यात में 9.43 प्रतिशत और वित्त वर्ष की पहली छमाही में 3.07 प्रतिशत की वृद्धि भारतीय रत्न एवं आभूषण उद्योग की मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में चुनौतियों के बावजूद जड़े हुए सोने के आभूषण, चांदी के आभूषण और पॉलिश्ड लैब-ग्रोन हीरों के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात को समर्थन मिला है। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान जड़े हुए सोने के आभूषणों का निर्यात 31.31 प्रतिशत बढ़कर 3.69 अरब डॉलर हो गया। इस वृद्धि में बेहतर व्यापार पहुंच, भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के लाभ, अमेरिका में टैरिफ में कमी तथा हांगकांग, सिंगापुर और फ्रांस जैसे प्रमुख बाजारों में मजबूत प्रदर्शन का योगदान रहा। इसके विपरीत, सादे सोने के आभूषणों का निर्यात 8.81 प्रतिशत घटकर 2.53 अरब डॉलर रहा। GJEPC के अनुसार, सोने की कीमतों में तेज वृद्धि और मध्य पूर्व जैसे महत्वपूर्ण निर्यात बाजारों में मांग एवं बाजार परिस्थितियों की चुनौतियों का इस क्षेत्र पर असर पड़ा है। अप्रैल-सितंबर अवधि में सोने की कीमतों में डॉलर के लिहाज से 31.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

कट एवं पॉलिश्ड हीरों का निर्यात अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान 6.96 प्रतिशत घटकर 5.81 अरब डॉलर रहा। हालांकि, निर्यात की मात्रा में 4.64 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 83.98 लाख कैरेट तक पहुंच गई। परिषद के अनुसार, हीरों की कीमतों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है। पॉलिश्ड लैब-ग्रोन हीरों का निर्यात 17.08 प्रतिशत बढ़कर 68.51 करोड़ डॉलर रहा। स्थिर कीमतों ने इस श्रेणी के निर्यात प्रदर्शन को मजबूती दी। पहली छमाही में चांदी के आभूषणों का निर्यात 23.10 प्रतिशत बढ़कर 72.93 करोड़ डॉलर हो गया। रुपये के लिहाज से इसमें 34.36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उच्च मूल्य और बेहतर डिजाइन वाले आभूषणों की बढ़ती मांग को इसका प्रमुख कारण बताया गया है।

इसी अवधि में प्लैटिनम आभूषणों का निर्यात 15.75 प्रतिशत बढ़कर 12.33 करोड़ डॉलर रहा, जबकि रंगीन रत्नों के निर्यात में डॉलर के लिहाज से 3.80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। किरिट भंसाली ने कहा कि उत्पादों में नवाचार, मूल्यवर्धन और नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर ध्यान देना निर्यात वृद्धि को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन सकारात्मक रुझानों से आने वाले महीनों में भारतीय रत्न एवं आभूषण उद्योग के निर्यात को मजबूती मिलेगी।


SHEAURA
JEWELS
Layers OF LUXURY,
CRAFTED TO Shine
Grace
in
every
gem..
www.sheauraiewels.com
sheauraiewels

# स्वर्ण शिल्प चेन्स को 'ज्वेलरी इंडस्ट्री लीडरशिप हॉल ऑफ फेम' सम्मान

मुंबई। भारतीय ज्वेलरी उद्योग में उत्कृष्ट योगदान, नेतृत्व और निरंतर प्रगति के लिए स्वर्ण शिल्प चेन्स एंड ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड को प्रतिष्ठित 'Jewellery Industry Leadership – Hall of Fame' सम्मान से नवाजा गया।

